Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 16-03-2007

Participants : Kumar Shri Shailendra

Title: Regarding harassment meted out to the govt. officials in the wake of elections in States.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय सभापति महोदय, मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात इस सदन में उठाना चाहूंगा। देश के अनेक राज्यों में चुनाव होते हैं। अभी चुनाव हुए भी हैं। इधर उत्तर प्रदेश के चुनाव घोतित हो गए हैं और इस सदन से बढ़कर कोई सदन नहीं है जहां से पूरे देश के लिए कानून बनता है। मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि उस कानून को अमली जामा पहनाने के लिए, चाहे वह निचली अदालत हो या सर्वोच्च न्यायालय हो, यह देखती है कि किसी व्यक्ति को कोई तकलीफ़ तो नहीं है, कानून का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। लेकिन आज देखा गया है किउत्तर प्रदेश चुनाव आयोग, चाहे पुलिस अधिकार हो या प्रशासनिक अधिकारी हो, या जिला अधिकारी हो या पुलिस का कप्तान हो, आईपीएस हो या आईएएस अधिकारी और राज्य के अधिकारी *(Interruptions)* …*

सभापति महोदय : इलैक्शन कमीशन के ज्यूरिस्डिक्शन पर आप चर्चा नहीं कर सकते। आप अपनी डिमांड बोलिये। उसके ज्यूरिस्डिक्शन पर चर्चा नहीं कर सकते।

…(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं डिमांड ही बता रहा हूँ। उन अधिकारियों को कहा जाता है कि आप पार्टी विशे का समर्थन करते हैं। …(व्यवधान)

सभापति महोदय : आपका डिमांड क्या है? आप मुख्य बात पर आइए।

श्री शैलेन्द्र कुमार : आपने देखा होगा कि चाहे राज्य सरकार हो या केन्द्र सरकार हो …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You should not go into the details. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): If it is not under the jurisdiction of the House, it should be expunged. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : जो इलैक्शन कमीशन की ज्यूरिस्डिक्शन का मामला है, वह प्रोसीडिंग्ज़ का पार्ट नहीं बनेगा।

…(व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार : मान्यवर, चाहे राज्य सरकार हो या केन्द्र सरकार हो, मैं किसी पर आरोप नहीं लगाता। लेकिन इतना कहा जाता है और यह कहावत भी है कि राज्य सरकार या केन्द्र सरकार, जिसकी सरकार उसकी दुहाई। लेकिन मैं ताज़ा उदाहरण देना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के डीजीपी बुआ सिंह को इस तरह से प्रताड़ित किया गया है कि वे वीआरएस लेकर अपने गांव को चले गए हैं। इसी प्रकार से चीफ सैक्रेटरी को हटाया गया है। अगर आरोप सिद्ध होता है तो उनको हटाया जाए, *(Interruptions)* … * कानून सबके लिए है। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाता। …(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Except the speech of Dr. Karan Singh Yadav, nothing will go on record.

(Interruptions) … *

* Not recorded